# 7 August 2024 Current Affairs Quiz in Hindi

**Q.1. पेरिस ओलंपिक 2024 के समापन समारोह के लिए भारत का ध्वजवाहक किसे नामित किया गया है -**

**1.** सरबजोत सिंह
**2.** स्वप्निल कुसाले
**3.** पीआर श्रीजेश
**4.** मनु भाकर

**Result: 4**

**Solution:**

- भारत की **दो बार** की ओलंपिक कांस्य पदक विजेता **मनु भाकर** को 2024 पेरिस ओलंपिक के समापन समारोह के लिए भारत का ध्वजवाहक नामित किया गया है। **11 अगस्त को पेरिस** ओलंपिक का समापन समारोह होगा।

**मनु भाकर**

- भाकर ने पेरिस में शानदार प्रदर्शन किया, कई रिकॉर्ड तोड़े और दो कांस्य पदक जीते।
- मनु भाकर ने महिलाओं की **10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा** में अपना **पहला कांस्य पदक** जीता।
- **मनु भाकर** और **सरबजोत सिंह** ने मिश्रित **10 मीटर एयर पिस्टल** में कांस्य पदक जीता।

ध्यान रहे - इस समारोह के लिए भारत के पुरुष ध्वजवाहक की अभी तक पुष्टि नहीं हुई है।

**Q.2.**
**भारतीय हॉकी टीम के गोलकीपर कौन हैं, जिन्होंने पेरिस ओलंपिक में पेनल्टी शूटआउट में दो गोल रोककर टीम को सेमीफाइनल में पहुंचाया -**

**1.** पीआर श्रीजेश
**2.** अमित रोहिदास
**3.** हरमनप्रीत सिंह
**4.** मनप्रीत सिंह

**Result: 1**

**Solution:**

- ब्रिटेन को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराया, **गोलकीपर श्रीजेश** ने 11 पेनल्टी कॉर्नर रोककर जीत दिलाई।
- शूटआउट में भारत ने लगातार 4 गोल किए। ब्रिटेन की टीम सिर्फ दो गोल कर पाई। भारतीय गोलकीपर श्रीजेश जीत के हीरो रहे, जिन्होंने शूटआउट में 2 गोल बचाए। इस पूरे मैच में उन्होंने 11 पेनल्टी कॉर्नर सेव किए हैं। अब सेमीफाइनल में भारत का मुकाबला जर्मनी और अर्जेंटीना के विजेता से 6 अगस्त को होगा।

**Q.3. हाल ही में, किस देश के प्रधानमंत्री ने भारी हिंसा के बाद इस्तीफा देकर देश छोड़ दिया -**

**1.** केपी शर्मा ओली
**2.** दिनेश गुणवर्धने
**3.** शहबाज़ शरीफ़
**4.** शेख हसीना

**Result: 4**

**Solution:**

- बांग्लादेश में 2 महीने से चल रहे **आरक्षण विरोधी छात्र आंदोलन** के बाद प्रधानमंत्री **शेख हसीना** ने सोमवार, **5 अगस्त** को पद से इस्तीफा दे दिया।
- इसके बाद उन्होंने देश छोड़ दिया और ढाका से अगरतला के रास्ते **भारत** पहुंचीं। उनका C-130 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट शाम 6 बजे गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस पहुंचा।
- वे यहां से लंदन, फिनलैंड या किसी दूसरे देश जा सकती हैं। एयरबेस पर सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने शेख हसीना से करीब एक घंटे तक बातचीत की।
- हसीना के देश छोड़ने के बाद बांग्लादेश के सेना प्रमुख ने कहा, 'हम अंतरिम सरकार बनाएंगे, देश को अब हम संभालेंगे। आंदोलन में जिन लोगों की हत्या की गई है, उन्हें इंसाफ दिलाया जाएगा।'
- इस बीच, राष्ट्रपति ने जेल में बंद पूर्व PM और विपक्षी नेता खालिदा जिया की रिहा करने का आदेश दिया। उन्हें 2018 में भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में 17 साल कारावास की सजा सुनाई गई थी।
- इससे पहले पड़ोसी देश श्रीलंका में आर्थिक संकट के बाद राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे की सरकार के खिलाफ हिंसक आंदोलन हुआ था। जुलाई 2022 में ऐसी ही स्थिति बनी थी। लोग सरकार के खिलाफ सड़कों पर थे और राष्ट्रपति भवन में घुस गए थे।

**Q.4. किस राज्य सरकार ने सभी फसलों को MSP दर पर खरीदने का ऐलान किया है?**

**1.** हरियाणा
**2.** उत्तर प्रदेश
**3.** मध्य प्रदेश
**4.** बिहार

**Result: 1**

**Solution:**

- **हरियाणा सरकार** ने सभी फसलों को MSP दर पर खरीदने का ऐलान किया है। देश में यह पहली बार है जब किसी राज्य ने किसानों की सभी फसलों को एमएसपी (MSP) पर खरीदने का ऐलान किया हो।
- किसान जहां न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) की गारंटी के मुद्दे को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। वहीं, इसी बीच राज्य सरकार की ओर से किसानों की सभी फसलों को एमएसपी पर खरीदने की घोषणा कर दी गई है। अब राज्य के किसान जो भी फसल उगाते हैं उनकी खरीद एमएसपी पर की जाएगी यानी हर फसल पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी होगी। राज्य सरकार के इस फैसले से किसान खुश हैं।

**क्या है न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) (What is Minimum Support Price (MSP) -**

- एमएसपी यानी न्यूनतम समर्थन मूल्य एक ऐसी न्यूनतम दर है जो बाजार में फसल की कीमत गिरने पर किसान को आर्थिक हानि से सुरक्षा की गारंटी देती है। एमएसपी में सरकार किसानों को इस बात की अप्रत्यक्ष रूप से गारंटी देती है कि यदि बाजार में फसल का रेट गिरता है तो उसे सरकार एमएसपी पर खरीदेगी ताकि किसान को संभावित आर्थिक नुकसान से बचाया जा सके। अभी केंद्र सरकार की ओर से 23 फसलों को एमएसपी के दायरे में रखा गया है जिसकी खरीद एमएसपी पर किसानों से की जाती है।

**Q.5. पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की 100 मीटर स्प्रिंट में स्वर्ण पदक जीतने वाले नोआ लायल्स किस देश के धावक है -**

**1.** चीन
**2.** सर्बिया
**3.** क्यूबा
**4.** संयुक्त राज्य अमेरिका

**Result: 4**

**Solution:**

- अमेरिका (America) के **एथलीट नोआ लायल्स** (Noa Lyles) ने पुरुषों की 100 मीटर दौड़ जीत ली है। लायल्स ने जमैका (Jamaica) के किशाने थॉम्पसन को पछाड़कर यह दौड़ जीती और स्वर्ण पदक अपने नाम किया।
- अमेरिका के फ्रेड केर्ली ने इस स्पर्धा का कांस्य पदक अपने नाम किया। टोक्यो ओलंपिक के चैंपियन इटली के जैकब लोमंट मार्सेल पांचवें स्थान पर रहे।
- लायल्स जसंयुक्त राज्य अमेरिका के धावक नोआ लायल्स (Noah Lyles) ने 2024 पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की 100 मीटर स्प्रिंट में स्वर्ण पदक जीता । जिसमें लायल्स जमैका के किशन थॉम्पसन से केवल 0.005 सेकंड आगे रहे. लाइल्स ने 9.784 सेकंड के समय के साथ थॉम्पसन को (9.789 सेकंड) को मामूली अंतर से पीछे छोड़ दिया.स्टिन गैटलिन (Justin Gatlin) के बाद पुरुषों की 100 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतने वाले अमेरिका के पहले एथलीट हैं।

**Q.6. अगस्त 2024 में, केंद्र सरकार ने कितनी हाई स्पीड सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दी -**

**1.** 5
**2.** 8
**3.** 11
**4.** 13

**Result: 2**

**Solution:**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (CCEA) ने 2 अगस्त 2024 को नई दिल्ली में हुई बैठक में **आठ नई राष्ट्रीय हाई-स्पीड कॉरिडोर** परियोजनाओं को मंजूरी दी।
- नव स्वीकृत आठ राष्ट्रीय हाई-स्पीड सड़क गलियारा परियोजनाओं की कुल लागत 50,655 करोड़ रुपये है और देश भर में 936 किलोमीटर सड़कें बनाई जाएंगी।

**स्वीकृत राष्ट्रीय हाई-स्पीड रोड कॉरिडोर -**

- महाराष्ट्र के पुणे के निकट नासिक फाटा-खेड़ एलिवेटेड रोड कॉरिडोर (8 लेन-30 KM)
- आगरा-ग्वालियर परियोजना (6 लेन-88 KM)
- थराड-डीसा-मेहसाणा-अहमदाबाद सड़क (6 लेन-214 KM)
- कानपुर रिंग रोड (6 लेन-47 KM)
- अयोध्या रिंग रोड (4 लेन-68 KM)
- खड़गपुर-मोरग्राम सड़क (4 लेन-231 KM)
- रायपुर-रांची कॉरिडोर (4 लेन-137 KM)
- उत्तरी गुवाहाटी बाईपास (4 लेन-121 KM)

**Q.7. हाल ही में खबरों में रही 'अस्त्र मार्क-1 (एमके-1) मिसाइल' किस प्रकार की मिसाइल है?**

**1.** सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल
**2.** हवा से हवा में दृश्य सीमा से परे (BVR) मिसाइल
**3.** हवा से सतह पर मार करने वाली मिसाइल
**4.** सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल

**Result: 2**

**Solution:**

- भारतीय वायुसेना ने उप प्रमुख एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित के भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (BDL) के दौरे के बाद Su-30 MKI और तेजस विमानों के लिए 200 एस्ट्रा Mk-1 मिसाइलों के उत्पादन को मंजूरी दे दी है। DRDO द्वारा विकसित और BDL द्वारा निर्मित, एस्ट्रा Mk-1 एक हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल है जिसकी रेंज 80-110 किलोमीटर है और इसकी गति 4.5 मैक है। DRDO 130-160 किलोमीटर की रेंज वाली एस्ट्रा Mk-2 पर भी काम कर रहा है।

**Q.8. हाल ही में, केंद्र सरकार ने कर्नाटक के आदिचुंचनगिरी और केरल के चूलान्नूर को किस रूप में घोषित किया -**

**1.** टाइगर रिज़र्व
**2.** मोर अभयारण्य
**3.** हाथी अभयारण्य
**4.** गौ अभयारण्य

**Result: 2**

**Solution:**

- केन्द्रीय पर्यावरण, वन तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव ने आज कहा कि केन्द्र सरकार ने कर्नाटक के आदिचुंचनगिरी और **केरल के चूलान्नूर को मोर अभयारण्य घोषित** किया है। दिल्ली में मोरों की मौत के संबंध में एक सवाल के जवाब में उन्होंने लोकसभा को बताया कि उनकी मौत एवियन इन्फ्लूएंजा से नहीं बल्कि लू से हुई है। श्री यादव ने कहा कि राष्ट्रीय पक्षी के संरक्षण के लिए कई उपाय किए जा रहे हैं और मंत्रालय ने मोर के लिए प्रजनन और संरक्षण केंद्र भी स्थापित किए हैं।

**Q.9. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को किस देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया गया -**

**1.** फिजी
**2.** न्यूजीलैंड
**3.** तिमोर-लेस्ते
**4.** पापुआ न्यू गिनी

**Result: 1**

**Solution:**

- भरतीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अभी अपनी **तीन देशों** की यात्रा के **पहले चरण में फिजी की राजधानी सुवा** में हैं। जहां फिजी के राष्ट्रपति रातू विलियम मावलीली काटोनिवेरे ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भव्य स्वागत किया। इसके साथ ही फिजी के राष्ट्रपति रातू विलियम ने भारतीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को **कंपेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ फिजी** से सम्मानित किया।
- भारतीय राष्ट्रपति को मिलने वाला सम्मान फिजी का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है। सम्मानित होने के बाद राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि यह सम्मान भारत और फिजी के बीच गहरी मित्रता का प्रतीक है। जानकारी के लिए बता दें कि फिजी के बाद मुर्मू न्यूजीलैंड और तिमोर-लेस्ते के लिए रवाना होंगी।

**Q.10. कितने विदेशी विश्वविद्यालयों ने गुजरात की गिफ्ट सिटी में अपने कैम्पस स्थापित किये हैं -**

**1.** 1
**2.** 2
**3.** 3
**4.** 5

**Result: 2**

**Solution:**

- गुजरात का गिफ्ट सिटी देश में विदेशी विश्वविद्यालयों के केंद्र के रूप में उभर रहा है, ऑस्ट्रेलिया के डीकिन विश्वविद्यालय और वॉलोन्गॉन्ग विश्वविद्यालय के भारतीय परिसर GIFT सिटी में खोले जा रहे हैं।
- 10 लाख रुपये है फीस
- ऑस्ट्रेलियाई विश्वविद्यालय डीकिन यूनिवर्सिटी ने 2024 में गिफ्ट सिटी गुजरात स्थित परिसर से मास्टर ऑफ बिजनेस एनालिटिक्स और मास्टर ऑफ साइबर सिक्योरिटी (प्रोफेशनल) कार्यक्रमों के लिए प्रवेश आवेदन शुरू करने की घोषणा की है। यह भारत में दुनिया का पहला अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय परिसर होगा। इसकी ट्यूशन फीस लगभग 10 लाख रुपये प्रतिवर्ष होगी।
- ध्यान रहे - सैन डिएगो विश्वविद्यालय, कैलिफोर्निया गुजरात के GIFT सिटी में नया परिसर स्थापित करेगा। कैलिफोर्निया, अमेरिका में स्थित सैन डिएगो विश्वविद्यालय (यूएसडी) गुजरात के गिफ्ट सिटी में अपना परिसर स्थापित करने वाला पहला अमेरिकी विश्वविद्यालय बनने की संभावना है।

बस नाम ही काफी है STUDY91
India's Largest E-Learning Platform

+91 7007734525, Info@study91.co.in, https://study91.co.in/